तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 7 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

सुख-दुःख हमारी कमजोरी नहीं वरन ताकत होनी चाहिएः पं. मेहता
4



## खबर संक्षेप

### बरसात के सीजन में बढ़ रहे सर्दी-जुकाम के मरीज

**जांजगीर-चांपा।** जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में इन दिनो मौसमी बीमारी से प्रभावित मरीजो की संख्या लगातार बढती ही जा रही है। खासकर उपचार कराने के पूर्व पंजीयन जरूरी रहता है। इसमे पंजीयन कराने को लेकर मरीज एंव उनके परिजनो को घंटो लंबा इंतजार भी करना पडता है।

जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में इन दिनो मौसमी बीमारी से प्रभावित मरीज बढ रहे है। इन दिनों मौसम का मिजाज लोगों की सेहत पर असर डाल रहा है। एक दिन भी बारिश नहीं होने से लोग उमस भरी गर्मी से हलाकान हो रहे है। सर्दी, खांसी, जुकाम, पीलिया, टायफाइड, पेट दर्द, मलेरिया, डायरिया सहीत अन्य बीमारियो के अलावा गंभीर बीमारी से प्रभावित लोग भी इलाज कराने को लेकर पहुंच रहे है। जिसके चलते ठाकुर छेदीलाल चिकित्सालय में मरीजो की भारी भीड भी देखी जा रही है। जिसके चलते सबसे बडे सरकारी अस्पताल में इन दिनो मौसम का मिजाज बिगडने के साथ साथ मरीजो की संख्या भी लगातार बढती ही जा रही है। इसके अलावा जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में कई गंभीर बिमारियो से प्रभावित मरीजो के उपचार को लेकर जिला अस्पताल में व्यवस्था बनाई गई है। उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान हो रहे है। एक दिन बारिश नहीं हुआ और उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। ऐसे मौसम का सेहत पर असर हो रहा है। जिसके कारण बीमारी बढ़ने लगी है।

### अस्थाई पटाखा लायसेंस के लिए 19 तक नवीन आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** दीपावली पर्व की दृष्टि से अस्थाई पटाखा लायसेंस हेतु नवीन आवेदन 19 सितम्बर तक लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदक विस्फोटक नियम 2008 के तहत निर्धारित प्रारूप-एल ई 5 में आवेदन के साथ साईट मैप और स्वयं का पासपोर्ट आकार का कलर फोटो एवं फोटोयुक्त परिचय पत्र, नगर पालिका व पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

### नई पीडीएस दुकान के लिए 15 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत खाद्य अधिकारी जांजगीर द्वारा नगर पालिका जांजगीर-नैला के वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान के आबंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके लिए 15 सितम्बर तक कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा जांजगीर-चांपा में आवेदन किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा से कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।

### अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबार पर लगातार नकेल कसने की कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक आरोपी को अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ धर दबोचा। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी चंद्रशेखर सिंह, जो कि भैंसदा गांव का निवासी है, लंबे समय से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त था। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि वह अपने कब्जे में बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है और उसे बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही नवागढ़ पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई और योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 66.50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। बरामद की गई शराब की अनुमानित कीमत 11 हजार 210 रुपये बताई जा रही है।

### सायबर ठगों का नया नेटवर्क, बैंक खाता किराए पर लेकर चला रहे गोरखधंधा

# म्यूल एकाउंट का तेजी से फैल रहा जाल घर बैठे कमाई के फेर में पहुंच रहे जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सायबर ठगी का नया नेटवर्क तैयार होने लगा है। इन दिनों म्यूल एकाउंट का जाल तेजी से फैल रहा है। जिले में भी म्यूल एकाउंट का खेल चल रहा है। सायबर ठग ऑनलाइन ठगी के लिए लोगों का बैंक एकाउंट किराए पर ले रहे हैं। घर बैठे कमाई के फेर में लोग अपना खाता शातिर ठगों को किराए पर दे रहे हैं। पुलिस की जांच में ऐसे खाताधारक पकड़े भी जा रहे हैं और जेल पहुंच रहे हैं।

म्यूल एकाउंट के मामले में जिले में पुलिस ने अब तक 12 लोगों को पकड़ा है। इनमें किराए पर बैंक एकाउंट देने वाले खाता धारक और दलाल भी शामिल हैं।

सायबर ठग अपने मंसूबे को अंजाम देने समय समय पर नए नए तरीके अपनाते हैं। इन दिनों सायबर ठग म्यूल एकाउंट के माध्यम से ठगी कर रहे हैं। इसके लिए एक बड़ा नेटवर्क का जाल फैलाया गया है। सायबर ठगों ने गांव गांव में अपने एजेंट बना रखे हैं। इन एजेंटो के माध्यम से लोगों का बैंक खाता किराए पर लिया जा रहा है। इसके एवज में खाताधारक को कमीशन दिया जा रहा है। वहीं खाता किराए पर दिलाने वाले दलाल को भी मासिक किराया मिल रहा है। घर बैठे कमाई के फेर में लोग शातिर ठगों के जाल में फंस रहे हैं और सायबर ठगो का काम आसान कर रहे हैं। भारत सरकार द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से विभिन्न म्यूल एकाउंट धारको के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। जिले में पिछले कुछ दिनों के भीतर ही म्यूल अकाउंट के मामले में 12 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।



#### क्या है म्यूल एकाउंट

म्यूल एकाउंट वह खाता है जिसको सायबर ठग किराए पर लेकर अपना गोरख धंधा चलाते हैं। सायबर ठगी के शातिर अपराधी किसी व्यक्ति का बैंक खाता कमीशन के एवज में किराए पर लेते हैं और उस खाते का उपयोग ठगी का पैसा लेने के लिए किया जाता है। पुलिस की जांच में खाताधारक पकड़ में आता है, जबकि मुख्य आरोपी दूर कहीं बैठा होता है। म्यूल एकाउंट में कई लेयर होते हैं, जिसके कारण मुख्य आरोपियों तक पहुंचना पुलिस के लिए भी आसान नहीं होता। यही वजह है कि इन दिनों म्यूल एकाउंट का जाल तेजी से फैल रहा है। पुलिस ने आम लोगों से थोड़े से पैसे की लालच में आकर अपना बैंक एकाउंट किसी को भी नहीं देने की अपील की है।

#### ग्रामीण क्षेत्र में दलाल सक्रिय

सायबर ठगी के लिए किराए पर बैंक खाता दिलाने ग्रामीण क्षेत्र में दलाल सक्रिय हैं। ऐसे कुछ दलाल भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। शिवरीनारायण पुलिस ने जब म्यूल एकाउंट के मामले में पकड़े गए आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो किकिरदा निवासी भोला राम द्वारा बताया गया कि उसने सक्ति जिला के सारसडोल निवासी लखन लाल सुल्तान के कहने पर कमीशन के आधार पर अपना खाता दिया था। लखन लाल सुल्तान से पूछताछ पर बताया कि वह एजेंट के रूप में काम कर रहा था। लखन लाल सुल्तान का काम खाता संग्रह कर देना रहता था, जिसके एवज में 12 से 15 हजार रुपए हर खाता के पीछे मिल रहा था। लखन लाल सुल्तान द्वारा लगभग 10-15 लोगों का खाता गांधी शान्डे को दिया गया था। अन्य गिरफ्तार आरोपी सरोज साहू एवं सुरेश साहू द्वारा भी कमीशन के लालच में अपना एवं अपने घर वाले का खाता लखन लाल सुल्तान को देना बताया गया। आरोपी गिरधारी लाल, रामभरोसे, हरिहर कामले द्वारा अपने खाता को कमीशन के लालच में शिवरीनारायण निवासी सूर्यकांत यादव एवं पोड़ी निवासी रवि मनहर को देना बताया गया। सूर्यकांत एवं रवि मनहर ने 15 हजार कमीशन प्राप्त कर उक्त खाता को इकठ्ठा करके अपने अन्य साथी को देना बताया गया।

ऑनलाईन सायबर फांड के अवैध लेन-देन के लिए बैंक खाता उपलब्द्ध कराने वाले पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। आरोपियों के खाता में पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, दिल्ली, गुजरात, राजस्थान जैसे और अन्य कई राज्य से समन्वय पोर्टल पर सायबर ठगी का शिकायत प्राप्त हुआ था।रेंज सायबर सेल से लेयर-1 म्यूल अकाउंट एवं उनसे जुडे मोबाईल नंबर धारकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। शिवरीनारायण पुलिस ने पिछले दिनों म्यूल एकाउंट के संबंध में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक्सीस बैंक शिवरीनारायण के शाखा में कुल 16 बैंक एकाउंट में सायबर ठगी से प्राप्त धनराशि 31 लाख 49 हजार 312 रुपये का जमा होना पाया गया है। सायबर धोखाधडी से प्राप्त धनराशि का उपयोग बैंक खाता धारकों व संवर्धक के द्वारा किया गया है। पूर्व में भी म्यूल अकाउंट के मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

#### कर रहे कार्रवाई

म्यूल एकाउंट के मामले में कार्रवाई की जा र ही है। इसमे कई लेयर होते है। कई दलाल भी होते है। मुख्य अपराधी तक पहुंचना आसान नहीं है। नेटवर्क खंगाले जाते है, उसके आधार पर पहले खाताधारक पकड़ में आता है। थोड़े से पैसे की लालच में अपना खाता किसी को ना दे और शातिर लोगों का शिकार ना बने।

-विजय कुमार पाण्डेय
एसपी, जांजगीर चांपा

# अंतरजिला डीजल चोरी का गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

### स्कार्पियो में परिवहन करते रंगे हाथ पकड़े गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

डीजल चोरी करने वाले अंतर जिला चोर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। शिवरीनारायण पुलिस ने रास्ते मे ट्रैक्टर अड़ाकर फिल्मी अंदाज मे गिरोह के सदस्यों को पकडा है। गिरोह के दो चोर और एक खरीददार पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। वहीं दो चोर मौके से भाग निकले। पुलिस ने स्कार्पियो में परिवहन किया जा रहा 1280 लीटर डीज़ल जब्त किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तनौद निवासी विजय कुमार साहु अवैध रूप से चोरी का डीजल बिकी के लिए अपने ऑटो पाट्‌र्स के कबाड समानों के बीच में छिपाकर रखा है। सूचना पर पुलिस ने तो 630 लीटर चोरी का डीजल मिला। विजय कुमार साहु से पूछताछ करने पर उसने रात में स्कार्पियों वाहन में और डीजल आने की जानकारी दी। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी ने अपनी टीम के साथ घेराबंदी करने के लिए सड़क पर दो ट्रैक्टर अडाकर रास्ता जाम कर दिया। तड़के लगभग 4:40 बजे कमरीद गांव की तरफ से एक सफेद रंग की स्कार्पियों आई जो विजय साहू के मकान के सामने रूकी। पुछताछ के लिए गाडी के पास पहुंचते ही स्कार्पियों चालक वाहन लेकर तेजी से खोरसी तरफ आगे बढ़ा। घेराबंदी में लगे पुलिस बल को देखकर वापस कमरीद की तरफ भागा। वहाँ पर भी बल लगे देख वापस खोरसी की तरफ भागा। पुलिस बल ने आखिरकार स्कार्पियों को रोक लिया। वाहनके अंदर बैठे 4 लोग बाहर निकल कर भागने लगे। पुलिस ने 2 आरोपियों को पकड़ लिया, लेकिन 2 अन्य भाग निकले। बिरगहनी (ब) निवासी दिलेश कुमार कुर्रे और डोंगरी निवासी अन्नू सांण्डे पुलिस की पकड़ में आ गए। वहीं वाहन चालक बछौद निवासीबिरेंद्र पटेल तथा बिरगहनी निवासी अर्जुन रात्रे भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने स्कार्पियों वाहन में अलग अलग जेरीकेन में रखा 650 लीटर डीजल जब्त किया। दिलेश कुमार कुर्रे और अन्नू सांण्डे ने पूछताछ में बताया कि पिछले 2 वर्षों से दिलेश कुमार कुर्रे, अर्जुन रात्रे, विरेंद्र पटेल व अन्नू सांण्डे के साथ मिलकर डीजल चोरी कर रहे हैं। जिला जांजगीर चांपा, सक्ति, रायगढ के विभिन्न जगहों पर ट्रेलर से डीजल चोरी करने का काम करते आ रहे है। पुलिस ने डीजल चोर दिलेश कुमार कुर्रे, अन्नू सांण्डे और खरीददार को गिरफ्तार किया है। वहीं फरार हुए चोर गिरोह के 2 अन्य सदस्यों की पतासाजी में जुटी है।

## तुस्मा-खैरताल मार्ग बदहाल राहगीरों की बढ़ी परेशानी



गडढों में तब्दील सड़क पर भरा बरसाती पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

जिले के तुस्मा से खैरताल मार्ग की हालत विगत दो वर्षों से इतनी खराब हो चुकी है कि अब इस मार्ग से गुजरना राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने समस्या से कई बार अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन विभागीय अमले को ग्रामीणों की समस्या से कोई सरोकार नजर नहीं आ रहा है।

गौरतलब है कि तुस्मा से खैरताल मार्ग पर करीब 70 से 80 बड़े-बड़े गड्ढे मौजूद हैं। इन गड्ढों की वजह से ऑटो, ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल चालकों के लिए सफर करना बेहद खतरनाक हो गया है। आए दिन वाहन पलटने और छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं। मोटर साइकिल सवारों की हालत तो सबसे ज्यादा दयनीय है। ग्रामीण इस मार्ग का उपयोग शिवरीनारायण और आसपास के कस्बों तक आने-जाने के लिए करते हैं। लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति ने ग्रामीणों के जीवन को कठिन बना दिया है। बीमार मरीजों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा समस्या उन लोगों को होती है जिन्हें बीमार हालत में इलाज के लिए अस्पताल तक पहुँचना पड़ता है। एंबुलेंस भी इस मार्ग पर आसानी से नहीं चल पाता। इसी तरह स्कूली बच्चों के लिए भी यह रास्ता किसी मुसीबत से कम नहीं है। बरसात के दिनों में सड़क पूरी तरह कीचड़ और गड्ढों से भर जाती है, जिससे बच्चों का समय पर स्कूल पहुँचना कठिन हो जाता है।

### वृक्षारोपण आंदोलन का महाअभियान आज


**जांजगीर-चांपा।** गायत्रीतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी एवं दिव्य अखण्ड दीप शताब्दी समारोह में महाप्रयाण दिवस के अवसर पर 7 सितम्बर को वृहद वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जाएगा। अप जोन समन्वयक (युवा प्रकोष्ठ )उप जोन कोरबा महेश साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उपजोन कोरबा के अन्तर्गत- रायगढ़, सारंगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा एवं सक्ती जिले के सभी ब्लाकों में वृक्षारोपण किया जाएगा। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए वरिष्ठ प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ के सभी जिलों के जिला समन्वयक, सभी ब्लॉक समन्वयक, सभी इकाई प्रमुख एवं समस्त सक्रिय कार्यकर्ता अपने- अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान चलाएंगे।

## महाविद्यालय भवन खंडहर में तब्दील, छत से टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा का जर्जर भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है। जिम्मेदार उच्च शिक्षा विभाग जानबूझकर अनजान बने बैठे हैं। जिसकी वजह से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिला के विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा अपने उधारी के भवन में संचालित है। कुल 6 कमरे हैं,जहां से प्रत्येक कमरे में छत से पानी टपक रहा है। भवन बहुत ही जीर्ण शीर्ण है। खिड़की दरवाजे टूटे हुए हैं। सांप बिच्छू आए दिन निकलते रहता है। विज्ञान संकाय के सामग्रियों में जंग लग रहा है। इसी प्रकार ग्रंथालय एवं स्पोर्ट का सामान दिमग का भेंट चढ़ रहा है। कुर्सी टेबल, अलमारी एवं सीलिंग पंखा सभी जर्जर स्थिति में है। शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा भवन की आस में अपना आंसू बहा रहा है। नवीन भवन के लिए जमीन उपलब्ध हो गई है। केवल बजट भेजने की आवश्यकता है। बजट यदि तुरंत मिलता है तो भवन बनने की प्रक्रिया तुरंत चालू हो जाएगी। इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं उच्च अधिकारियों से पत्र व्यवहार कई बार किया गया है। आज पर्यंत तक बजट आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा में पढ़ाने वाले एवं पढ़ने वाले विद्या अध्ययन करने के लिए मजबूर नजर आ रहे हैं। महाविद्यालय अपने स्वयं के भवन हेतु बजट का बाट जोह रहा है। उक्त भवन बहुत पुराना होने के कारण काफी जर्जर हो गया है। दीवारों में दरारें आ चुकी हैं, खिड़कियाँ टूट चुकी हैं और छत से पानी टपकता है। बरसात के दिनों में हालात और भी बद से बदतर हो गया है। प्रयोगशालाओं में आवश्यक उपकरणों की भारी कमी है। इसके बावजूद भेजा कब्जाधारियों का अवैध कब्जा हो गया है। कई महत्वपूर्ण विषयों के लिए योग्य शिक्षक ही नहीं हैं। जो शिक्षक हैं भी, वे उचित संसाधनों के अभाव में विद्यार्थियों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने में असमर्थ हैं।



नवीन महाविद्यालय बिर्रा की छत से टपक रहा पानी।

#### किए है मांग

उच्च अधिकारियों को जर्जर महा विद्यालय भवन के बारे में कई बार पत्राचार किया जा चुका है। नए महाविद्यालय भवन बनवाने की मांग किए हैं।

-डॉ बीके डहरिया,
प्राचार्य
शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा

## घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की चोरी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

रात्रि में घर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा को चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 4 नग सीसीटीवी कैमरा को जब्त किया गया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मुकेश वस्त्राकार निवासी खपरीडीह थाना बम्हनीडीह द्वारा इसके घर मे लगे चार नग सीसीटीवी कैमरा किमती करीब 5100 रुपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना बम्हनीडीह पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर पता तलाश किया गया। इस दौरान खपरीडीह निवासी निगरानी बदमाश राजकुमार धनुवार को हिरासत में लिया जाकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि रात्रि मे सीसीटीवी कैमरा को चोरी करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से 04 नग सीसीटीवी की जब्ती बनाई गई। उक्त कैमरा की कीमत 51 सौ रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उप निरीक्षक के.पी. सिह सहित स्टाफ का योगदान रहा।



### सुबह से रात तक गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का चलता रहा दौर

# गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ...

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर सहित पूरे अंचल में 6 सितंबर को गाजे बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन का दौर सुबह से शुरु हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जय घोष हर ओर गुंजते रहे।

गौरतलब है कि बुधवार 27 अगस्त को विधि विधान से पूजा-अर्चना कर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई थी। वहीं शनिवार 6 सितंबर से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया। जिलेभर में सार्वजनिक गणेश उत्सव समितियों एवं घरों में विराजे भगवान गणेश का विसर्जन धूमधाम से बैंड-बाजे एवं आतिशबाजी के साथ नदी, तालाब एवं नहरों में किया गया। इस दौरान घरों में विराजे भगवान श्री गणेश को लोग पैदल, बाइक एवं कार में सवार होकर विसर्जन करने निकल पड़े। छोटे बच्चे, महिलाएं एवं नागरिकगण भगवान गणेश के जयघोष के नारे लगाते हुए गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू फिर जल्दी आना के जयघोष के साथ विसर्जन यात्रा पर निकल पड़े। तालाब किनारे बड़े ही धूमधाम के साथ पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात भगवान श्री गणेश को विसर्जित किया गया। इस दौरान प्रसाद का भी वितरण किया गया। जिलेभर में इस वर्ष गणेश चतुर्थी का पर्व पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इधर सुरक्षा के मद्देनजर नहर पुल के पास पुलिस व होमगार्ड के जवान मुस्तैद रहे।



गणेश प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु।

#### पूजा अर्चना के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन प्रारंभ

**मालखरौदा।** क्षेत्र के गांव गांव में बड़े पैमाने पर गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा की गई। 10 दिन तक पूजा करने के बाद अनंत चतुर्दशी पर गांव गांव में भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। ग्राम पंचायत दर्राभाठा के ग्रामीणों द्वारा गणेश प्रतिमा को ट्रैक्टर से विसर्जन के लिए गांव के तालाब जाते हुए यहां बड़ी संख्या में महिलाएं विसर्जन के लिए पहुंची थी।



## टीसीएल के भवन निर्माण के लिए 4.65 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े व छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल के प्रयासों से जिला के अग्रणी शासकीय टी.सी.एल. महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिये 4 करोड़ 65 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान अनेकों बार क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े व पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने संयुक्त रूप से शासकीय टी.सी.एल. महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिये ज्ञापन सौंपा था। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने पिछले विधानसभा में याचिका के माध्यम से व अनेकों बार प्रश्न लगाकर शासकीय टी.सी.एल. महाविद्यालय के जीर्ण-शीर्ण होने का मामला सदन में उठाकर शीघ्र ही नये भवन के निर्माण के लिये स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया था। सांसद जांगड़े व पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल के संयुक्त आग्रह पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वीकृति प्रदान की है। छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति स्वीकृति प्रदान करने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया है तथा क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े व पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के द्वारा किये गये प्रयासों के लिये आभार व्यक्त किया।



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 व 10 अक्टूबर को

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 व 10 अक्टूबर को किया जाना है। जिसके लिए नियोक्ता पंजीयन एवं अभ्यर्थियों के आवेदन की प्रक्रिया ई-रोजगार पोर्टल की साइट ई-रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट ईन में की जा रही है। मेले के लिए उपलब्ध रिक्तियों 6,650 से अधिक है जो पोर्टल के मेन्यू के अंतर्गत लिंक पर देखी जा सकती है। उन्होंने इस संबंध में बताया है कि जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने मेला के लिए आवेदन किया है, जिला लॉगइन के डैशबोर्ड पर उनकी सूची पूर्ण तथा अपूर्ण प्रोफाइल दो वर्ग में देखी जा सकती है। जिन अभ्यर्थियों का नाम सूची क्रमांक 2 में है वे अपनी जानकारी पूर्ण कर लेवें। जिनका नाम सूची क्रमांक 1 मे है वे रिक्तियों का चयन कर अपनी प्रोफाइल जल्द पूर्ण कर लें।

### आरटीओ ई-चालान के नाम पर की जा रही है साइबर ठगी

**बलरामपुर।** साइबर ठग अब ट्रैफिक नियम तोड़ने के नाम पर आरटीओ का ई चालान भेजकर लोगों से ठगी को अंजाम दे रहे है। ठग लोगों के मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर उनसे ठगी करने के साथ ही व्यक्तिगत जानकारी और जमा खातों से पैसे चुरा ले रहे है। ऐसे में परिवहन विभाग ने लोगों को झांसे में नहीं आने व जागरूक रहने की सलाह दी है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में आरटीओ ई-चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं। जिसमें नकली ई-चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में डराने वाले संदेश के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते हैं। परिवहन विभाग ने लोगों से आह्वान किया है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक जैसे (डॉट एपीके फाइल) पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट ई चालान डॉट परिवहन डॉट जीओव्ही डॉट ईन पर जाकर ई-चालान के पेज पर पे ऑनलाइन पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस एवं परिवहन के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई-चालान किया जाता है तो पंजीकृत मोबाइल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते हैं। परिवहन विभाग ने बताया है कि यदि आपको किसी ई-चालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाईन पैसे का भुगतान न करें, और अपने खाते से किसी भी लेने-देन से सावधान रहें। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में निकट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### गौ तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार, सात मवेशी बरामद

**रामानुजगंज।** गौ तस्करी कर रहे दो लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम बेलसर में शुक्रवार की सुबह बाबूलाल रवि व मेवा लाल रवि पैदल ही गौवंश को लेकर गढ़वा झारखंड बूचड़खाना ले जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय ग्रामीण सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो तस्करी में शामिल दो सदस्यों को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात मवेशी बरामद किए गए। इस दौरान मरमा के बजरंग दल ने कार्रवाई की मांग की है।

### बोरी में अंग्रेजी शराब व बीयर लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** क्षेत्र में खपाने के लिए बोरी में भरकर अंग्रेजी व बियर लेकर जा रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व उड़न दस्ता की टीम बलरामपुर जिले के थाना त्रिकुंडा ग्राम चेरा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान चेरा मेन रोड पर एक बाइक सवार काफी तेज रफ्तार से आ रहा था। जिसे देख उड़नदस्ता की टीम न पीछा कर रोका और पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम राज कुमार पटवा और ग्राम सुलसुली निवासी बताया। टीम ने युवक के बाइक में बंधे बोरी की तलाशी ली तो बोरी में अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद किया। पूछताछ में युवक ने बताया कि एक पेटी अंग्रेजी शराब उत्तर प्रदेश के परसापाली तथा एक पेटी बियर खरीद कर ला रहा था। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने बाइक सहित अंग्रेजी शराब व बीयर को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने युवक के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) 59 (क) 36 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### गौ तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार, सात मवेशी बरामद

**रामानुजगंज।** गौ तस्करी कर रहे दो लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम बेलसर में शुक्रवार की सुबह बाबूलाल रवि व मेवा लाल रवि पैदल ही गौवंश को लेकर गढ़वा झारखंड बूचड़खाना ले जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय ग्रामीण सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो तस्करी में शामिल दो सदस्यों को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात मवेशी बरामद किए गए।



हरिभूमि की रंगोली, मेहंदी व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित

# हरिभूमि से मिलता है प्रतिभा प्रदर्शन का प्लेटफार्म

गौरव पथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में शनिवार को हरिभूमि द्वारा व्यापार व उद्योग मेले में आयोजित रंगोली, मेहंदी एवं विश्व महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का शहर के विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि हरिभूमि के विविध आयोजनों से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का प्लेटफार्म मिल जाता है।

**बिलासपुर।** कार्यक्रम के आरंभ में हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने हरिभूमि द्वारा साल भर कराई जाने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरिभूमि के किसी भी आयोजन में प्रतिभागियों का दोगुना उत्साह देखने को मिलता है। वे बड़ी शालीनता व अनुशासन में आकर अपना पुरस्कार प्राप्त करते हैं। यह हरिभूमि परिवार के लिए बहुत सुखद क्षण होता है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि आगे भी सभी प्रतिभागी इसी तरह हरिभूमि के आयोजनों में भाग लेकर उत्साहवर्धन करते रहेंगे। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषि, राजेश सानन, भुवन देवांगन, डेजी नाथ, अंजना शर्मा, रेखा साहू, नाजिया खान, शेख असलम सहित हरिभूमि परिवार के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे ।



### प्रतिभागी अपनी प्रतिभा लाना चाहते हैं सामने

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने कहा कि हरिभूमि वर्षों से तरह तरह की प्रतियोगिताओं का



आयोजन करता है। इसमें भाग लेने वाली प्रतिभागी महिलाएं काफी उत्साहित व प्रोत्साहित हो रही हैं। इस बात का अंदाजा हर साल महिलाओं, युवतियों की बढ़ रही संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा को सामने लाने का अवसर मिलता है।

### हर आयु वर्ग को मिल रहा भाग लेने का अवसर

विशिष्ट अतिथि बीएनआई ग्रुप के किरण पाल सिंह चावला ने कहा कि हरिभूमि द्वारा आयोजित रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता से हर आयु वर्ग को भाग



लेने का अवसर मिल रहा है। अलग-अलग वर्षों में प्रत्येक प्रतिभागी विजेता भी बन रहे हैं। वहीं हरिभूमि के इन आयोजनों से भारतीय संस्कृति जीवंत बन रही है। इसके लिए हरिभूमि परिवार के लोग साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हरिभूमि के आयोजनों को लेकर शहर के पैरेंट्स भी जागरूक हैं। वे अपने बच्चों को इन स्पर्धाओं में भाग लेने निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। पैरेंट्स की इसी जागरूकता का परिणाम है कि प्रतिभागियों की संख्या हर साल बढ़ रही है।

### महिलाएं, बच्चे हो रहे प्रोत्साहित

विशिष्ट अतिथि एरिना मल्टीमीडिया के संचालक संदीप गुप्ता ने कहा कि ऐसे विविध तरह का आयोजन कर हरिभूमि पाठकों को जोड़ने का काम कर रहा है।



साल में होने वाली रंगोली, मेहंदी, स्वस्थ शिशु व सामान्य ज्ञान स्पर्धा से महिलाएं, बच्चे प्रोत्साहित हो रहे हैं। इन स्पर्धाओं में भाग लेने वे निरंतर आगे आ रहे हैं। यह हरिभूमि की इन आयोजनों की सफलता को दर्शाता है।



### सोने की अंगूठी पाकर खिला चेहरा

महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही आसमां सिटी निवासी भारती दुबे का चेहरा सोने की अंगूठी पाकर खिल उठा। उन्होंने कहा कि वे हरिभूमि की नियमित पाठक हैं। उन्हें हरिभूमि लाइव, सहेली पत्रिका पढ़ना पसंद है।

#### नारी शक्ति पर उकेरी रंगोली

रंगोली 26 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान व मेहंदी में द्वितीय स्थान पर रहीं अज्ञेय नगर निवासी नंदिनी जांगड़े ने नारी शक्ति पर रंगोली एवं ब्राइडल मेहंदी बनाई थी। नंदिनी ने कहा कि उनकी कला को हरिभूमि की ओर से मिल रहे रिस्पांस से उत्साह दोगुना हुआ है।

#### गणपति बप्पा ने बरसाई कृपा

रंगोली 26 से अधिक आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता जोरा पारा सरकण्डा की ज्योति शर्मा ने रंगोली में गणपति बप्पा की आकृति बनाई। उनका मानना है कि गणपति बप्पा ने ही उन्हें यह पुरस्कार दिलाया है। ज्योति इसके पहले प्रथम पुरस्कार विजेता भी रह चुकी हैं।

#### हरिभूमि का हर आयोजन पसंदीदा

रंगोली 5 से 15 वर्ष में तृतीय स्थान पर रहीं चिंगराज पारा की साक्षी देवांगन का हरिभूमि का हर आयोजन पसंदीदा है। उन्होंने रंगोली में माखन खाते कान्हा का चित्र बनाया था, जिसे काफी पसंद किया गया था।

#### गौ सेवा की थीम पर बनाई मेहंदी

मेहंदी 26 वर्ष आयु वर्ग से अधिक में प्रथम पुरस्कार विजेता चिंहराज पारा की दामिनी कश्यप को हरिभूमि के इन आयोजनों में निरंतर इनाम मिल रहा है। वे विगत तीन साल से पहला इनाम प्राप्त कर रही हैं। इस बार उन्होंने मेहंदी में गौ सेवा की थीम पर द्वारिकाधीश की आकृति बनाई।

#### पहले अवसर में मिला इनाम

मेहंदी में विशेष पुरस्कार विजेता भूमिका यादव तालापारा को पहले अवसर में ही पुरस्कार मिल गया। इससे वह काफी खुश दिखीं। इन्होंने मेहंदी में अरेबिक मेहंदी डिजाइन किया था। वे कहती है कि हरिभूमि के आयोजन से उसे काफी प्रेरणा मिली है।

#### महिलाओं के लिए है उपयोगी

सामान्य ज्ञान स्पर्धा में विशेष पुरस्कार विजेता वर्षा मोहंती हेमूनगर ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को महिलाओं के लिए उपयोगी बताया और कहा कि हरिभूमि की सहेली पत्रिका उन्हें अच्छी लगती है। इसमें हर पर्व, त्योहार का अलग-अलग जिक्र रहता है।

#### मिल चुके हैं कई इनाम

रंगोली 16 से 25 वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त ज्योति महिलांगे सालों से हरिभूमि के आयोजनों में भाग ले रही हैं। वे बताती हैं कि हर साल उन्हें कुछ न कुछ पुरस्कार अवश्य मिलता है। इसके पहले उन्हें पहला पुरस्कार भी मिला था। इससे वे स्वयं प्रोत्साहित तो होती ही हैं।

#### मिल रही निपुणता

मेहंदी 16 से 25 वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त विजेता सिरगिट्टी की शिखा यादव बचपन से मेहंदी लगा रही हैं। हरिभूमि के आयोजन में उन्होंने दुल्हन मेहंदी लगाई थी, जिसे निर्णायकों ने पसंद किया और उन्हें स्थान मिल गया। निरंतर भाग लेने से भी कला में निपुणता आती है।

#### दर्शाई देवी के प्रति आस्था

रंगोली में विशेष पुरस्कार विजेता बंधवापारा निवासी कुमुद सोनी ने बताया कि उन्होंने। रंगोली में मां काली का रूप बना कर देवी के प्रति अपनी आस्था को दर्शाया था और आज वे विजेता के रूप में ईनाम ले रही हैं। यह उनके लिए बहुत ही खुशी का पल है।





**ये रहे विजेता :** हरिभूमि द्वारा महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार भारती दुबे आसमा सिटी सोने की अंगूठी, द्वितीय गुलापा बाई नेहरूनगर बालको मिक्सर ग्राइंडर, तृतीय आशा दुबे 27 खोली बिलासपुर डिनर सेट, चतुर्थ नीतू रानी डिपूपारा तारबाहर इलेक्ट्रॉनिक आयरन, विशेष पुरस्कार मनोरमा कौशिक यदुनंदन नगर तिफरा, वर्षा मोहंती हेमूनगर, नीतू कुमारी चरचा कालरी कोरिया, योगिता जबड़ापारा, प्रियंका पाण्डेय बंगालीपारा, रंगोली प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम पुरस्कार मीनाक्षी साहू चिंगराजपारा, द्वितीय रीतिका साहू चिंगराजपारा, तृतीय साक्षी देवांगन चिंगराजपारा, विशेष पुरस्कार कुमुद सोनी बंधवापारा, चंचल सोनी अशोक विहार, वैष्णवी गुप्ता बंधवापारा, मंजरी सिंग ठाकुर राजकिशोर नगर, वसुंधरा सिंग अशोक नगर, 16 से 25 वर्ष में प्रथम पुरस्कार लक्षिता यादव कोनी, द्वितीय ज्योति महिलांगे महाराणा प्रताप चौक, तृतीय पुरस्कार विरासिनी ताम्रकार रतनपुर, 26 वर्ष से ऊपर में प्रथम पुरस्कार नंदिनी जांगड़े, द्वितीय ज्योति शर्मा जोरापारा सरकंडा, तृतीय पुरस्कार अल्का देवांगन, मेहंदी प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम पुरस्कार सरगम कश्यप सरकंडा, द्वितीय नुपुर विश्वकर्मा चिंगराजपारा, तृतीय प्रिंसी ठाकुर बहतराई, विशेष पुरस्कार अंजुम प्रवीण मगरपारा, प्रियांशी सोनी अशोकनगर, शारदा परिहार सरकंडा, अनुप्रिया कुमारी मंगला, सौम्या साहू मंगला, सोनम कुशवाहा अमेरी, प्रतिभा साहू चिंगराजपारा, आरूषि गढ़ेवाल राजीव गांधी चौक, 16 से 25 वर्ष में प्रथम पुरस्कार विरासिनी ताम्रकार रतनपुर, द्वितीय ज्योति महिलांगे महाराणा प्रताप चौक, तृतीय शिखा यादव सिरगिट्टी, विशेष पुरस्कार श्रद्धा बिंझवार भरनी, श्रुति चौहान कतियापारा, पूर्णिमा राजपूत उसलापुर, प्रियांशी साहू चिंगराजपारा, प्रियांशी नामदेव लिंगियाडीह, आयुषि देवांगन राजकिशोर नगर, भूमिका यादव तालापारा, 26 वर्ष से ऊपर में प्रथम पुरस्कार दामिनी कश्यप चिंगराजपारा, द्वितीय नंदिनी जांगड़े अज्ञेयनगर, तृतीय पुरस्कार ज्योति यादव तालापारा को प्राप्त हुआ।

## खबर संक्षेप

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मनाया गया नेत्रदान पखवाड़ा




**नवागढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैरताल एवं कटौद में नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही बाल नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नेत्रदान महादान कार्यक्रम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कटौद एवं खैरताल में नेत्र परीक्षण करके मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक महेंद्र कुर्रे एवं पहलवान सिंह भारती, जय प्रकाश कश्यप के उपस्थिति में बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया, तीन बच्चों को दृष्टि दोष से पीड़ित पाया गया जिनका तत्काल चश्मा जांच किया गया। इस अवसर पर सीनियर नेत्र सहायक अधिकारी डॉ राम गोपाल आदिले ने कहा नेत्रदान करके अपने आंख को जिंदा रखा जा सकता है चाहे स्त्री हो या पुरुष अमीर हो या गरीब कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है, जिनके आंख में चश्मा लगा है वो भी नेत्र दान कर सकता है। नेत्रदान करके पुण्य के भागीदार बनें और दूसरे के जीवन में रोशनी भरें।

### अंचल के वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान समारोह आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के आचार्य चाणक्य सभागार में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य रविवार 7 सितंबर को दोपहर 1 से सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस दौरान बिर्रा अंचल के वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर-चांपा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपी सिंह ठाकुर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जिला सक्ती उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य मोहन कुमारी साहू करेगी । उक्ताशय की जानकारी शिक्षक बुद्धेश्वर कश्यप बिर्रा ने दी।

### जीएसटी के नए स्लेब से लोगों को मिलेगी राहत : जैन

**अकलतरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी के नये स्लेब से सभी लोग लाभान्वित



होंगे एवं मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। अकलतरा चेम्बर्स आफ कामर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील जैन ने कहा कि नये स्लेब से रोज मर्रा की आवश्यक वस्तुएं पर टैक्स कम होने से सभी जरूरत की चीजों के रेट कम होंगे एवं मध्यम वर्गीय परिवार की शिकायतें भी दूर होंगी। एवं वर्तमान में जो टैरिफ का संकट आया है उसका प्रभाव भी हमारे उपर नहीं पड़ेगा क्योंकि जब हमारी क्रय शक्ति बढ़ेगी तो हमारा उत्पादन भी बढ़ेगा और हमारे लोकल उत्पाद कर्ताओं द्वारा टेक्स अदा किया जाएगा उससे हमारा व्यवसाय भी बढ़ेगा एवं स्वदेशी अपनाओ आंदोलन को भी बल मिलेगा एवं आत्म निर्भर भारत का सपना साकार होगा। कुल मिलाकर यह निर्णय जन भावनाओं के अनुरूप है और आम नागरिकों के विकास का परिचायक है । समस्त विशेषज्ञों का भी मानना है कि नये स्लेब से करीब 10 पर्सेंट मंहगाई कम होगी। चाहे रोज मर्रा की वस्तु के साथ इलेक्ट्रॉनिक समान मोटरसाइकिल या चार पहिया वाहन खरीदने पर बड़ा फायदा होगा।

### जाटा में 4 लाख 90 हजार की लागत से बनेगा मुक्तिधाम



**बहेराडीह।** बलौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत जाटा में विधायक निधि से मुक्तिधाम का निर्माण किया जायेगा। ग्रामीणों के मांग पर क्षेत्रीय विधायक व नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने अपने विधायक निधि से 4 लाख 90 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान किया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य शुरू किया। इस मौके पर जनपद सदस्य नमिश कश्यप, सरपंच चन्द्रकला सरवन कश्यप, पंच ईश्वर प्रसाद यादव, जीवनलाल बंजारे, ललित कंवर, मोहर साय मिरी, कृष्ण मुरारी राठौर, गोपाला, रामकुमार पाटले, राजाराम कर्ष, मारुती गबेल, ऋतू बंजारे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## निधन

### श्रीमती लक्ष्मीन बाई भारद्वाज

**हसौद।** ग्राम बरेकेल खुर्द की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती लक्ष्मीन बाई भारद्वाज का 52 वर्ष की आयु



में रविवार 31 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे पूर्व उपसरपंच मनीराम भारद्वाज की पत्नी एवं वर्तमान सरपंच जयमति भारद्वाज की जेठानी थी।

---

श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस पर व्यास आचार्य ने सुनाई श्रीकृष्ण विवाह, राजसूय यज्ञ व सुदामा चरित्र की कथा

# सुख-दुःख हमारी कमजोरी नहीं वरन ताकत होनी चाहिए: पं. मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय कोरबा रोड स्थित अग्रवाल निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिवस अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत कथा वाचक व जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता ने कथा में भगवान श्रीकृष्ण के अन्य विवाह, राजसूय यज्ञ तथा सुदामा चरित्र के प्रसंगों की व्याख्या की।

व्यास पीठ से कथा श्रवण कराते हुए पं. विजय शंकर मेहता ने कहा कि जीवन में सुख-दुःख, अपनों से बिछुड़ना जैसी बातें हमारी कमजोरी नहीं वरन ताकत होनी चाहिए। कई बार हमें जीवन में कठोर निर्णय लेने के लिए निष्ठुर होना पड़ता है जीवन इसी का नाम है। पाप की उम्र बहुत ज्यादा नहीं होती। एक न एक दिन उसे गलना ही होता है। पाप कभी अकेला नहीं जाता, साथ में पापी को भी ले जाता है। संसार में जब-जब भी पाप व अत्याचार बढ़ते हैं किसी न किसी रूप में भगवान प्रकट होकर उनका संहार भी करते हैं। श्री कृष्ण द्वारा खेल-खेल में महा अत्याचारी कंस का वध इसी बात का संकेत है। जीवन में सफल होना हो तो हमें मन को नियंत्रित करना होगा और यह तभी संभव होगा जब हम योग को अपने जीवन में अपनायें। उन्होंने सुदामा चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से भगवान कृष्ण ने दुनिया को यह संदेश दिया कि मित्रता में कोई बड़ा-छोटा अथवा अमीर या गरीब नहीं होता। इसी तरह उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के अन्य विवाहों सहित द्रोपदी स्वयंवर पर भी विस्तार से व्याख्यान दिया। कथा विश्राम के पश्चात भागवत महापुराण की आरती अग्रवाल परिवार के लोगों द्वारा की गई। इसके बाद नारायण सेवा संस्थान उदयपुर की ओर से ऐश्वर्य त्रिवेदी द्वारा संस्था को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त आर्थिक सहयोग की जानकारी दी। इस मौके पर कथा श्रवण हेतु नंदकिशोर जालान, शीतल केडिया, दिनेश केडिया, शंकर जालान, रमेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, गिरधारी अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, कमल अग्रवाल, धीरेन्द्र अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सक्ती के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, श्रीमती शांता सोमानी, श्रीमती शारदा केड़िया, डॉ. संतोष अग्रवाल, डॉ. भारती शर्मा, श्रीमती संगीता अग्रवाल, श्रीमत कुमुदनी द्विवेदी सहित बिलासपुर, इंदौर, मुंबई, कोलकाता, रायपुर, सक्ती, रायगढ़, कोरबा, नैला आदि जगहों से आये श्रद्धालुजन मौजूद थे।



व्यास पीठ से कथा श्रवण कराते पं. विजय शंकर मेहता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण आरती करते श्रद्धालु।

# आज लगेगा चंद्रग्रहण, रात्रि 9 बजकर 56 मिनट से होगा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

▪ 9 घंटे पहले प्रारंभ होगा सूतक

साल 2025 का चंद्र ग्रहण रविवार को लगने जा रहा है। इसकी शुरुवात 7 सितंबर की रात 9:56 बजे से होगा। ग्रहण का मध्य रात 11:41 मिनट पर होगा इस समय पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। इसके बाद रात 1:26 मिनट पर ग्रहण से मोक्ष हो जाएगा। चंद्रग्रहण का सूतक ग्रहण शूरु होने से 9 घंटे पहले शुरु हो जाता है। इस बार चंद्रग्रहण का सूतक दोपहर 12:56 से शुरु हो रहा है, जो ग्रहण खत्म होने पर समाप्त होगा। सूतक के समय में भगवान की पूजा आरती नहीं की जाती इस लिए मंदिर का पट बंद रखा जाएगा।

चंद्र ग्रहण एक खगोलिक घटना है। चंद्र ग्रहण तब होता है जब सूर्य और चंद्रमा एक सीधी लाइन में आ जाते है इस स्थिति में पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। जब पृथवी सूर्य और चंद्रमा के बीच में आ जाती है , तो ये चंद्रमा तक पहुंचने वाले सूर्य के प्रकाश को रोक देती है। इस स्थिति में, चंद्र पर पृथ्वी की धाया पड़ने लगती है, जिससे हमें चंद्र या तो आंशिक रुप से या पुरी तरह से ढका हुआ दिखाई देता है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रहण तीन प्रकार के होते है। पूर्ण चंद्र ग्रहण, चंद्रमा पूरी तरह पृथवी की गहरी छाया में आ जाता है और लालिमा लिए दिखता है, इसे ब्लड मून भी कहते है । चंद्रमा का कुछ हिस्सा ही पृथ्वी की छाया में आता है उसे आशिक चंद्र ग्रहण कहते है। उपदाया चंद्र ग्रहण , चंद्रमा केवल पृथवी के हल्की छाया में आता है, जिससे ये थोड़ा सा धुंधला दिखता है, यह परिवर्तन मुश्किल से नजर आता है। इस ग्रहण का धर्मिक मान्यता नहीं होती है। रविवार 7 सितंबर को रात्रि 9 बजकर 58 मिनट से चंद्रग्रहण प्रारंभ होगा। चंद्रग्रहण मध्य 11 बजकर 42 मिनट पर होगा तथा चंद्रग्रहण मोक्ष 1 बजकर 26 मिनट होगा। चंद्र ग्रहण का सूतक 9 घंटे पूर्व पारंभ हो जाता हें जो रविवार 7 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा। बच्चों , बृद्धो, और अस्वस्थ लोगों के लिए सुतक प्रारंभ 7 सितंबर को 6 बजकर 36 मिनट से होगा। ये ग्रहण भारत में दिखई देने वाले एक मात्र ग्रहण है। ग्रहण के सूतक के समय में मंत्रों का मानसिक जप करना चाहिऐ । चंद्र ग्रहण के बाद देव स्थल मंदिरों की साफ सफाई कर पट भक्तों के लिए खोल दिए जाते है।

## जगराता कार्यक्रम में कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, जनप्रतिनिधियों ने प्राप्त किया आशीर्वाद



भगवान गणेश का पूजा अर्चना करते छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह।

**अकलतरा।** स्टेशन रोड स्थित परशुराम चौक, पानी टंकी के पास विराजमान गणेश प्रतिमा की तृतीय स्थापना वर्षगांठ के अवसर पर जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अकलतरा थाना प्रभारी ने पूजा-अर्चना कर भजन संध्या का शुभारंभ किया।

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने राजा गणेश के दरबार में पहुंचकर दर्शन किए और अकलतरा नगर की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। भजन के माध्यम से कलाकारों ने देर रात तक भजन-कीर्तन और मधुर भक्तिपूर्ण गीतों से नगर वासियो को भक्ति रस में डुबो दिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कोरबा से पधारे कलाकार रहे, जिनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाहुबली बजरंगबली, माँ काली, माँ दुर्गा, शेर-राक्षस, वानर सेना तथा भालू के सजीव रूपों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## अभिभावक एवं समाज के सदस्य बालिकाओं को शिक्षा के लिए करें प्रोत्साहित : रजक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

▪ कन्नौज रजक समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

नगर पंचायत नरियरा में कन्नौज रजक समाज की प्रतिभावान छात्राओं के लिए समान समारोह का आयोजन रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक के मुख्य आतिथ्य, रजक समाज के संभागीय महासचिव गंगे लाल निर्मलकर की अध्यक्षता एवं रजक समाज के संभागीय कोषाध्यक्ष लोकनारायण निर्मलकर के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता एवं संत गाडगे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान स्वर्गीय श्रीमती मिथिलेश निर्मलकर के छठवीं पुण्यतिथि पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कक्षा 10 वी एवं 12वीं के कनौजे रजक समाज की मेरिट के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालिकाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथी बालिकाओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रहलाद रजक ने कहा कि रजक समाज की छात्राएं अपने प्रतिभा के दम पर निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हैं। अभिभावकों एवं समाज के सदस्यों के द्वारा इन्हें और भी ज्यादा प्रोत्साहन देने की जरूरत है ताकि आने वाले समय में हमारी बच्चियों और भी बेहतर कर सके और समाज में एक उदाहरण बन सके। गंगेलाल निर्मलकर ने कहा कि समाज को एकजुट रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। एकजुट रहते हुए आने वाले समय में समाज की छात्राओं एवं महिलाओं के लिए और भी बेहतर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने भविष्य में सामाजिक भवन के लिए जमीन के व्यवस्था की जिम्मेदारी भी ली। लोकनारायण निर्मलकर ने कहा कि समाज के प्रतिभावान बच्चियों का प्रतिवर्ष सम्मान करना बहुत अच्छा निर्णय है। इसे प्रतिवर्ष और भी ज्यादा उत्साह से किए जाने का संकल्प पदाधिकारी को लेना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपस्थित अतिथियों के द्वारा आयोजक बद्री विशाल निर्मलकर का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को बिलासपुर जिला अध्यक्ष नारद रजक ने भी संबोधित किया मंच का संचालन पूर्व महासचिव वल्लभ रजक ने किया। कार्यक्रम में वेद परसदा परिक्षेत्र अध्यक्ष विमल रजक, मुलमुला परिक्षेत्र अध्यक्ष रमेश निर्मलकर, विनोद निर्मलकर, जगदीश निर्मलकर, परसराम निर्नेजक, कांति निर्मलकर, राजाराम सहानी, राजेंद्र निर्मलकर, कन्हैया निर्मलकर, काशीराम निर्मलकर सरपंच झलमला,ध्रुव बरेठ सभापति नगर पंचायत नरियरा, श्रीमती संतोषी बरेठ , मन्नू निर्मलकर, प्यारेलाल निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर, नरेंद्र कर्ष, किशन निर्मलकर एवं समाज के वरिष्ठ व युवा सदस्य उपस्थित रहे।




सम्मान समारोह में अतिथि के साथ उपस्थित प्रतिभावान छात्रा।

## रासायनिक खाद के दुष्परिणाम के बारे में कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

▪ चोरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

बम्हनीडीह ब्लॉक के चोरिया ग्राम पंचायत में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह द्वारा चलाए जा रहे 'जैविक खेती अभियान' के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. केडी महंत और किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, नवाचारी कृषक रामाधार देवांगन, कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशीष प्रधान ने जैविक खेती की महत्ता और रासायनिक खाद के दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से बताया। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को कहा कि आज की जरूरत है जैविक खेती, क्योंकि फसलों में रासायनिक खाद के उपयोग से खेती भूमि के साथ रासायनिक फसलों से लोगों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है. यहां छात्र-छात्राओं ने जैविक खेती और मिट्टी के बारे में सवाल भी पूछा. इस पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. केडी महंत ने हर पहलू की जानकारी दी, वहीं वरिष्ठ पत्रकार कुंजनिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने मिट्टी के बारे में और जैविक खेती से खेतों के साथ किसानों को होने वाले लाभ से विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता लक्ष्मीनारायण सोनी और आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य फ़रित सिंह कंवर ने किया।




छात्र-छात्राओं को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक व अन्य।

## ईद मिलाद उन नबी पर निकला भव्य जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

▪ मांगी अमन-चैन और भाईचारे की दुआ, सुरक्षा के किए गए थे कड़े इंतजाम

हज़रत मोहम्मद साहब के 1500वें जन्मदिवस ईद मिलाद उन नबी के मौके पर बम्हनीडीह नगर पूरी तरह रौशन और सरगर्म रहा।

मुस्लिम समाज ने जुलूस-ए-मोहम्मदी निकालकर माहौल को रूहानी रंग में रंग दिया। सुबह मस्जिद से निकली जुलूस बाजार मोहल्ला, बस स्टैंड चौक होते हुए जनपद कार्यालय चौक तक पहुंची, जहां पर मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद किया गया। हाथों में झंडे थामे बच्चे-बुजुर्ग, नातें गाते और नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर की गूंज से पूरा इलाका गूंज उठा। जुलूस के समापन पर मौलाना मोहम्मद हफीज़ खान ने देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और तरक्की की दुआ की। उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब की शिक्षा इंसानियत, मोहब्बत और बराबरी का पैगाम देती है।इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। हर चौक-चौराहे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। अधिकारी खुद मौजूद रहे और शांति व्यवस्था सुनिश्चित की।ईद मिलाद उन नबी का जुलूस नगर में भाईचारे और सौहार्द का अनोखा संदेश देकर ऐतिहासिक बना।



जुलूस में शामिल मुस्लिम जमात के लोग।

## लंबित एरियर्स व महंगाई राहत देने पेंशनरों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ तहसील पामगढ़ की मासिक बैठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरौद में प्रांतीय महासचिव रत्न लाल कैवर्त्य के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. डी पी मनहर की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में नारायण प्रसाद यादव प्रांतीय प्रवक्ता तहसील अध्यक्ष शिवरीनारायण, जीवन लाल कुंभकार तहसील उपाध्यक्ष पामगढ़, मिठाई लाल खांडे, चैतराम देव खटकर, रथराम जांगड़े एवं सोना राम यादव उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित पेंशनरों को संबोधित करते हुए नारायण प्रसाद यादव एवं रत्नलाल कैवर्त्य ने पेंशनरों के समस्यायों एवं मांगो पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वेतन पुनरीक्षण 1996/2006 एवं 2016 में कई महिनों का एरियश नहीं दिया गया। पेंशनरों का वाजिब हक छिना गया है। प्रांताध्यक्ष डॉ. डी पी मनहर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रांत के समस्त पेंशनर साथियों को संगठित होकर एक जुटता का परिचय देते हुए मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन नियम 2000के धारा 49 अनुसूची 6 को समाप्त करने तथा लंबित 2 प्रतिशत महगाई राहत का आदेश शीघ्र जारी करने का मांग किया। 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर परिवार पेंशनरों को अतिरिक्त पेंशन की श्रेणी वार व्याख्या कर लाभ से अवगत कराया गया। जीवन लाल कुंभकार, चैतराम देव खटकर, सोनाराम यादव , रथ राम जांगड़े, होरी लाल आदित्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बेदराम यादव सचिव पामगढ़ तथा आभार रेशमलाल यादव जोन महामंत्री ने किया। इस दौरान प्रांतीय प्रबंध कारिणी में तहसील पामगढ़ एवं शिवरीनारायण के मनोनीत पेंशनर एमएल खांडे, प्रांतीय संयोजक बेदराम यादव, प्रांतीय संगठन सचिव रेशमलाल यादव, प्रांतीय प्रचार सचिव बसंत कुमार तिवारी, नारायण प्रसाद साहू, कार्यकारिणी सदस्य मोती लाल निर्मलकर का पुष्प माला से स्वागत किया गया। चार नवीन पेंशनर मूलचंद देवांगन, व्याख्याता जे पी बघेल, एसएडीओ बिसरू राम साहू मोती लाल कश्यप अकुशल मजदूर का श्री फल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया।



नवीन पेंशनरों को सम्मानित करते प्रांतीय महासचिव एवं प्रांताध्यक्ष।

